No - 78
Dt - 16-12-19

1

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.),भुवनेश्वर

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.), भुवनेश्वर में दिनांक 24-09-2019 को अपराह्न 4.15 बजे आयोजित की गयी 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' की बैठक का कार्यवृत्त। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :

1. **प्रो. प्रकाश चन्द्र अग्रवाल, प्राचार्य एवम् अध्यक्ष**
2. **प्रो. अनूप कुमार, समन्वयक सदस्य और अधिष्ठाता (शिक्षण)**
3. **प्रो. रीतांजलि दाश , अध्यक्ष ,सा .वि.मा. शि. विभाग**
4. **प्रो. शरत कुमार दाश , अध्यक्ष ,वि.शि. विभाग**
5. **सुश्री शम्पा दास , ग़ैर आवासी वार्डन, रामानुजन छात्रावास**
6. **डॉ. पुष्पलता नेगी**, उप **पुस्तकालयाध्यक्ष**
7. **डॉ. जे. चौधरी ,प्रभारी , प्रधानाध्यापक, प्रायोगिक बहु उद्देशीय विद्यालय**
8. श्रीमती उषा कपूर , **प्रशासनिक अधिकारी**
9. **श्री प्रदीप कुमार राय, अनुभाग अधिकारी (स्थापना)**
10. **श्री आर.के. नायक , अनुभाग अधिकारी (परिसर एवं कल्याण)**
11. श्री प्रदीप कुमार बेहरा , भंडार अधिकारी
12. श्री जितेन्द्र सतपथी , अवर श्रेणी लिपिक

बैठक के आरंभ में, समन्वयक सदस्य प्रो. अनूप कुमार ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने सदस्यों को सूचित किया कि दि. 24..06.2019 को आयोजित 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' की बैठक का कार्यवृत्त, समिति के समस्त सदस्यों को भेज दिया गया है। सदस्यों को जानकारी दी गयी कि संस्थान और प्रायोगिक बहु उद्देशीय विद्यालय के सभी शैक्षिक कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन अगली तिमाही में किया जाएगा । श्री प्रदीप कुमार राय, अनुभाग अधिकारी (स्थापना) ने सूचित किया कि साइन बोर्ड ,मार्गदर्शक संकेत चिह्न को द्विभाषी / त्रिभाषी बनाने की प्रक्रिया चल रही है । सदस्यों ने कहा कि पिछली बैठकों के प्रस्ताव के अनुरूप चारों विभागों के साइन बोर्ड को त्रिभाषी बनाया जाना अपेक्षित है ।इसके अतिरिक्त गेट सं. 1 और 3 में और प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय के सामने बैनर लगाने हेतु स्टील फ्रेम लगाना ज़रूरी है ।

सदस्यों को जानकारी दी गयी कि गत वर्ष हुई बैठक(14-06-2018) के प्रस्ताव के अनुरूप संस्थान की वेबसाइट में प्रतिदिन एक अंग्रेजी – हिन्दी शब्द प्रदर्शित किया जा रहा है ।सदस्यों को जानकारी दी गयी कि संस्थान में 'हिन्दी पखवाड़ा समारोह' दि. 9 से 23 सितम्बर तक आयोजित किया गया । इस अवधि में 'हिन्दी कवि सम्मलेन' के अतिरिक्त कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए कई प्रतियोगिताएं की गयीं । इस कार्यक्रम का समन्वयन श्री पंकज कुमार मिश्र ने किया । इस दौरान पुस्तकालय में हिन्दी पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया । प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि विज्ञापन के मैटर पहले से दिए जाएं जिससे उन्हें समय से द्विभाषी किया जा सके ।

(कृ .प. उ.

प्रो. प्रकाशचंद्र अग्रवाल, प्राचार्य एवम् अध्यक्ष ने कहा कि राजभाषा हिन्दी में अधिक से अधिक कार्य किया जाए ।इस सन्दर्भ में, यदि संभव हो तो , बीच –बीच में दो घंटे के लिए ऐसा सत्र रखा जा सकता है जिसमें कर्मचारीगण राजभाषा संबंधी अपनी समस्याओं को रखकर उनका समाधान करवा सकें ।

अंत में ,श्री प्रदीप कुमार राय ने सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

14.12.19

प्राचार्य

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.)

ज्ञापन सं.

प्रति प्रेषित: :

1.राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों को।

2.प्राचार्य के सहायक कार्यक्रम समन्वयक को। 3. कार्यालय प्रति।